BPYC-133

# कलास्नातक

## सत्रीय कार्य- 2021-22

# BPYC-133

## तर्कशास्त्र

## (Logic)

अंतर विषयक एवं परा-विषयक अध्ययन विद्यापीठ

इन्दिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय

मैदानगढ़ी, नई दिल्ली- 110068

# BPYC-133: तर्कशास्त्र

## अध्यापक कृत मूल्यांकन सत्रीय कार्य

## (Teacher Marked Assignment)

प्रिय छात्र,

इन्दिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय में मूल्यांकन दो भागों में होता हैः 1) सत्रीय कार्य द्वारा सतत मूल्यांकन, और 2) सत्रांत परीक्षा। अंतिम परीक्षा परिणाम में, सभी सत्रीय कार्यों के लिए 30 प्रतिशत भारांक निर्धारित है। जबकि सत्रांत परीक्षा के लिए 70 प्रतिशत भारांक। 6 क्रेडिट पाठ्यक्रम के सत्रीय कार्य हेतु पूर्णांक 100 है, जिसका मूल्यांकन में भारांक 30 प्रतिशत है। इस सत्रीय कार्य पुस्तिका में तर्कशास्त्र हेतु सत्रीय कार्य है

सत्रीय कार्य में दीर्घ-उत्तरीय, लघु-उत्तरीय एवं लघु टिप्पणी से सम्बन्धित प्रश्न सम्मिलित हैं।

सत्रीय कार्य करने से पहले, कार्यक्रमदर्शिका में दिये गये निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ें। यह अनिवार्य है कि आप सत्रीय कार्य के सभी प्रश्नों के उत्तर अपने शब्दों में लिखें। आपका उत्तर किसी विशेष श्रेणी के लिए निर्धारित शब्द-सीमा की निर्धारित सीमा के भीतर होना चाहिए। याद रखिये कि इन सत्रीय प्रश्नों के उत्तर लिखने से आपके लेखन-कौशल में सुधार होगा तथा आप सत्रांत परीक्षा के लिए सक्षम महसूस करेंगे।

जमा करनाः जैसा कि कार्यक्रम-दर्शिका में उल्लेख किया गया है, सत्रांत परीक्षा में पात्रता हेतु आपको सारे सत्रीय कार्य निर्धारित समय सीमा के अंतर्गत जमा करने होंगें।

जमा कराये गये सत्रीय कार्यों की पावती (रसीद) अपने अध्ययन केन्द्र से अवश्य प्राप्त करें, एवं उस रसीद को संभालकर रखें। सत्रीय कार्य की एक प्रतिलिपि (फोटोकॉपी) भी अपने पास सुरक्षित रखें।

मूल्यांकन के पश्चात्, अध्ययन केन्द्र/क्षेत्रीय केन्द्र सत्रीय कार्यों को आपको लौटा देगा। कृपया सत्रीय कार्यों को मूल्यांकन पश्चात् प्राप्त करने हेतु अपने अध्ययन केन्द्र/क्षेत्रीय केन्द्र से आग्रह करें। मूल्यांकन के पश्चात्, अध्ययन केन्द्र सत्रीय कार्य के अंक विद्यार्थी मूल्यांकन प्रभाग, इन्दिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय, मैदान गढ़ी, नई दिल्ली को भेजेगा।

शुभकामनाओं सहित,

अंतर विषयक एवं परा-विषयक अध्ययन विद्यापीठ

Assignment for TEE June 2022 and TEE December 2022

**BPYC-133: तर्कशास्त्र**

(अध्यापककृत मूल्यांकन सत्रीय कार्य)

**पाठ्यक्रम कोड:** BPYC-133

**सत्रीय कार्य कोड:** BPYC-133/ASST/TMA/2021-22

**अधिकतम अंक:** 100

**नोट:**

1. सभी पांच प्रश्नों का उत्तर दीजिए।
2. सभी प्रश्नों के अंक समान हैं।
3. प्रश्न क्रमांक 1 और 2 के उत्तर **लगभग 400-400 शब्दों** में दीजिए।
4. कुछ प्रश्नों में एक से अधिक खण्ड हैं, कृपया इन प्रश्नों पर गौर करते हुए, सभी खण्डों के उत्तर प्रदान कीजिए।

1. आगमनात्मक तर्क पर टिप्पणी लिखिए। इसकी सीमाएं क्या हैं? 20

**अथवा**

अ) प्रतिज्ञप्ति में "पदों के व्याप्ति (वितरण)" पर टिप्पणी लिखिए। 10

आ) बताईये कि निम्नलिखित प्रतिज्ञप्तियों में उद्देश्य एवं विधेय पद व्याप्त हैं अथवा अव्याप्त। 5*2= 10

i) सभी शेर जानवर हैं।

ii) सभी पहाड़ी प्रदेश गर्म स्थान हैं।

iii) कुछ मेजें लकड़ी की वस्तुएं हैं।

iv) कुछ मनुष्य मरणशील नहीं हैं।

v) कोई भी पहाड़ी प्रदेश गर्म स्थान नहीं है।

2. अस्तित्वपरक आशय पर टिप्पणी लिखिए। अस्तित्वपरक आशय पर बूल के निर्वचन की भी चर्चा कीजिए। 20

**अथवा**

अ) विरोध-वर्ग पर टिप्पणी लिखिए। 10

आ) निम्नलिखित प्रतिज्ञप्तियों के विपरीत, व्याघातक, उपविपरीत, उपाश्रय, अधिआश्रय प्रतिज्ञप्तियों को लिखिए। 2*5= 10

i) सभी त्रिभुज बहुभुज होते हैं।

ii) कुछ भारतीय नागरिक भारतीय मतदाता नहीं हैं।

3. निम्नलिखित में से किन्हीं दो का उत्तर **लगभग 200-शब्दों 200** में दीजिए। 2*10= 20

अ) परार्थानुमान क्या है? उपयुक्त उदाहरण की सहायता से समझाइए। 10

आ) मिश्रित हेत्वाश्रित न्यायवाक्य पर टिप्पणी लिखिए। 10

इ) सत्यता सारणी क्या है? अप्रत्यक्ष सत्यता सारणी पद्धति की सहायता से निम्नलिखित युक्ति की वैधता की जांच कीजिए। 5+5= 10

(अ v ब) • (स ⊃ द)

(द v ई) • फ

.˙. अ • फ

ई) अन्तर कीजिए, 5+5= 10

i) प्रतिज्ञप्त्यात्मक स्थिरांक एवं प्रतिज्ञप्त्यात्मक चर

ii) मूर्त पद एवं अमूर्त पद

4. निम्नलिखित में से किन्हीं **चार** का उत्तर **लगभग 150-150 शब्दों** में दीजिए। 4*5= 20

अ) निगमनात्मक तर्क में सत्य एवं वैधता के मध्य सम्बन्ध पर टिप्पणी लिखिए। 5

आ) निम्नलिखित युक्तियों की वैधता की जांच वेन डायग्राम पद्धति से कीजिए। 2*2.5= 5

i) IAA-4

ii) EIO-3

इ) आधुनिक तर्कशास्त्र में प्रतिज्ञप्ति की अवधारणा पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए। 5

ई) स्वार्थानुमान एवं परार्थानुमान के मध्य अन्तर कीजिए। 5

उ) निम्नलिखित कथनों को मानक प्रतिज्ञप्ति आकारों में लिखिए। 5*1= 5

i) वह टमाटर सूप को नापसंद नहीं करता है।
ii) प्रत्येक भारतीय नागरिक मतदाता है।
iii) सभी राजनेता लोकतांत्रिक हैं।
iv) यदि यह एक शेर है, तो यह एक जानवर है।
v) यदि वह प्रार्थना-पत्र नहीं देता है, तो उसकी प्रार्थना पर विचार नहीं होगा।

ऊ) निम्नलिखित प्रतिज्ञप्तियों का प्रतीकीकरण कीजिए। 5*1= 5

i) कुछ पुस्तकें साहित्यिक पुस्तकें हैं और कुछ पुस्तकें गैर-साहित्यिक पुस्तकें हैं।
ii) या तो दिल्ली गर्म है या फिर होशंगबाद ठण्डा।
iii) सभी लड़कियां अध्यवसायी हैं और सभी लड़के अध्यवसायी हैं।
iv) न तो तुम और न मैं विश्वसत हैं।
v) सभी शहर प्रदूषित और अत्यधिक जनसंख्या वाले हैं।

5. निम्नलिखित में से किन्हीं **पांच** पर **100-100 शब्दों** में संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए। 5*4= 20

अ) सम्बन्ध का तर्कशास्त्र 4

आ) सोपाधिक न्यायवाक्य 4

इ) पद का गुणार्थ 4

ई) अविचारित सामान्यीकरण 4

उ) हेत्वाभास 4

ऊ) सम्मिश्र उभयतःपाश 4

ऋ) विधिनिषेधात्मक वियोजनानुमान 4

ऌ) व्याप्ति 4